<u>प्रैस विज्ञप्ति</u>

आज 4 फरवरी 2022 दिन शुक्रवार को लेबर लॉ विषय पर विधि विभाग, महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय में विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसमें विशिष्ट वक्ता प्रो0 जीत सिंह मान, नेशनल लॉ विश्वविद्यालय, नई दिल्ली ने विद्यार्थियों को इस विषय पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होने एक मजदूर की समस्याओं और उनके समाधान हेतू विभिन्न कानूनों की जानकारी दी। विद्यार्थियों ने प्रश्नोतर के साथ बहुत ही सक्रीय भुमिका निभाई। विभागाध्यक्ष एवं अधिष्ठाता प्रो0 कविता ढुल जी ने विद्यार्थियों को भावी जज एवं वकील होने के कारण ज्यादा से ज्यादा जानकारी एकत्रित करने एवं प्रत्येक कानून को गम्भीरता से समझाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का संयोजन एसोसिएट प्रो0 डा0 वेदपाल सिंह ने किया। जिसमें विभाग के सभी शिक्षकगण उपस्थित रहे। अतं में डॉ0 श्रुति सुधा आर्या ने धन्यवाद ज्ञापित किया।



विभागाध्यक्ष
विधि विभाग
म0द0वि0, रोहतक